संख्या- 2/2015/344एस0ची0उ0अनु0-1/15-2510/2013

प्रेषक,

राकेश कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

चीनी/गन्ना आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 16 अप्रैल, 2015

विषय:- वर्ष-2014-15 के लिए सोसायटी कमीशन की प्रतिपूर्ति हेतु प्राविधानित धनराशि की स्वीकृत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक चीनी आयुक्त के पत्र संख्या-05/लेखा बजट/2015-16 दिनांक 08.04.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष-2014-15 सोसायटी कमीशन की प्रतिपूर्ति हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राविधानित धनराशि रू0 4420000 हजार (रू0 चार सौ बयालीस करोड़ मात्र) आपके निर्वतन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- उपर्युक्त प्रस्तर-2 में स्वीकृति धनराशि शासनादेश संख्या-1115एस0ची0उ0अनु0-1/14-2511/ दिनांक 26-11-2014 के निर्देशों के अनुसार स्वीकृत/व्यय की जायेगी।

4- आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1/925/दस-2015/231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 एवं व्यय प्रबंधन एवं शासकीय व्यय में मितव्ययिता के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

5- स्वीकृत की जा रही उपर्युक्त धनराशि का कोषागार से एक मुश्त आहरण न कर इसे आवश्यकतानुसार आहरित किया जायेगा।

6- उपर्युक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-24 (आयोजनेत्तर) के लेखाशीर्षक-2852-उद्योग-08-उपभोक्ता उद्योग-201-चीनी-06-सहकारी समितियों को सहायता-0601-सहकारी गन्ना समितियों को सोसायटी कमीशन की प्रतिपूर्ति-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- उपरोक्त आदेश वित्त विभाग द्वारा निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30.3.2015 में दिये गये दिशा निर्देशों के अंतर्गत जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(राकेश कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या-2/2015/344(1)एस0ची0उ0अनु0-1/15-तद्-दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम) उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त नियंत्रक, कार्यालय चीनी आयुक्त, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (दो प्रतियों में)
7- चीनी उद्योग अनुभाग-2/3
8- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(राकेश कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in